## खबर संक्षेप

### 3 दिवसीय रज़ा उत्सव का शुभारम्भ आज

**मण्डला।** शुक्रवार को 3 दिवसीय रज़ा उत्सव का शुभारम्भ हो रहा है। यह रज़ा उत्सव विश्व प्रसिद्ध चित्रकार सैयद हैदर रज़ा के जन्मोत्सव पर रज़ा फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। रज़ा फाउंडेशन के सदस्य सचिव संजीव चौबे ने बताया कि रज़ा उत्सव का आयोजन 20 से 22 फरवरी 2026 तक सैयद हैदर रज़ा मार्ग स्थित रज़ा कला वीथिका (जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने) में सुबहः 11:00 बजे से शामः 6:00 बजे तक किया जा रहा है। रज़ा उत्सव में चित्रकला कार्यशाला एवं माटी पर रंग का है जिसमें आशीष कन्हवाड़ा, धनेश्वर प्रजापति, गरिमा ताम्रकार, अशोक सोनवानी बतौर कलाकार शामिल रहेंगे। रज़ा उत्सव में पहली बार अनोखी जल रंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कलाकार यश भोपटे, अनुज आर्य, आरिफ खान, अभिनाश यादव, दीपक जूरी, दिया डोंगल, दियाशु देवांगन, प्रेम प्रजापति, राशिका चौहान, श्रीयंश विश्वकर्मा, विजय गहवार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही मंडला जिले के कला प्रेमी भी उपस्थित होकर ड्राइंग शीट, कैनवास, गमले, दिया आदि में चित्रकारी कर अपने चहेते कलाकार को श्रद्धांजलि देंगे। 22 फरवरी 2026 की सुबहः 10:00 बजे बिंझिया कब्रिस्तान में सैयद हैदर रज़ा पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी जाएगी। 22 फरवरी 2026 की ही शाम 7 बजे आयोजित संगीत संध्या में तबला और सरोद की आकर्षक प्रस्तुति होगी। इसमें पुष्कर देशमुख सरोद और रामचंद्र सर्प तबला पर अपना हुनर दिखायेगे। रज़ा उत्सव के संयोजक योगेन्द्र त्रिपाठी ने जिले के समस्त कला प्रेमियों से रज़ा उत्सव में आयोजित सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### श्रीमति कीर्ति असरानी का निधन



**मण्डला।** पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष पारस असरानी के छोटे भाई एवं डॉ अंबेडकर वार्ड निवासी स्व सूरज असरानी की धर्मपत्नि श्रीमति कीर्ति असरानी का गुरुवार सुबह को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार खैरी मुक्ति धाम में किया गया।

## डोलामाइड खदानों में बेतहाशा ब्लास्टिंग से कर रहे अवैध खनन

# स्कूल में दरारें, घरों में कंपन, कब जागेगा प्रशासन?

*** जांच के नाम पर खानापूर्ति।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





नगर मुख्यालय से महज 20 किमी दूर बम्हनी क्षेत्र में डोलामाइड की दर्जनों खदान संचालित हैं। इन खदानो में बेताशा अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा है। बड़ी-बड़ी मशीनों से जमीन का सीना छलनी कर डोलामाइड निकाला जाता है। जो महानगरों की ओर भेजा रहा है ओवरलोड वाहनों ने सरकारी सडक़ो का दम निकाल दिया है तो दूसरी तरफ अवैध ब्लास्टिंग से पूरा काम चलता है। खदान की चट्टानों में बड़े-बड़े होलकर बड़ी ब्लास्टिंग की जाती है। जिससे आसपास के गांव कंपन की चपेट में आ जाते हैं। बाहुबलि और पैसे की दम पर संचालित इन खदानों पर न तो कभी जांच टीम जाती है और न ही कभी इन खदानों का भौतिक सत्यापन होता है कागजों में सब सही चल रहा है लेकिन मौंका स्थल कुछ और बयान करता है। ऐसा ही एक मामला ककैया क्षेत्र की डोलामाइड खदान का सामने आया है। यहां पर होने वाली अवैध ब्लास्टिंग से पूरा क्षेत्र प्रभावित हो गया है और हालात इतने बिगड़ गए हैं कि इसी क्षेत्र के बीजेगांव स्थित माध्यमिक प्राथमिक शाला में अवैध ब्लास्टिंग का नजारा स्कूल में स्पष्ट दिखाई देता है। स्कूल में बड़ी-बड़ी दरारे आ गई हैं बच्चें स्कूल में बैठने से डरते हैं। तो वहीं मास्टर भी घबरा रहे हैं लेकिन सुनवाई नही हो रही है। वीडियो फोटो और पीड़ितो के बयान इस ओर इशारा करते हैं कि अगर आपके पास अताह पैसा है तो आप इस जिले में कुछ भी कर सकते हैं। बीजेगांव में डोलोमाइड खदान की लगातार हो रही ब्लास्टिंग ने गांव की नींद, चैन और बच्चों का भविष्य तीनों छीन लिया हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि प्राथमिक और माध्यमिक शाला बीजेगांव की इमारतें अब खंडहर में तब्दील होती नजर आ रही हैं। दीवारों में चौड़ी दरारें, झड़ता प्लास्टर और हर धमाके के साथ कांपता भवन किसी फिल्मी दृश्य का हिस्सा नहीं बल्कि हकीकत है जहां दर्जनों मासूम बच्चे रोजाना जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। गांव के समीप संचालित डोलोमाइड खदान में रात्रि के समय भारी ब्लास्टिंग की जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक जैसे ही रात गहराती है अचानक तेज धमाके पूरे इलाके को दहला देते हैं। घरों की खिड़कियां हिलती हैं बर्तन लहराते हैं और दीवारों से मिट्टी झरने लगती है। कई बार तो लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आते हैं। छोटे बच्चे रोने लगते हैं और बुजुर्ग रात भर जागकर गुजारने को मजबूर हो जाते हैं। बीजेगांव का स्कूल अब बच्चों के लिए सुरक्षित शिक्षा केंद्र नहीं रहा, बल्कि संभावित हादसे का इंतजार करता ढांचा बन चुका है। कक्षाओं की दीवारों में इतनी गहरी दरारें हैं कि भीतर की ईंटें तक दिखाई देती हैं। छत का प्लास्टर जगह-जगह से उखड़ चुका है। ब्लास्टिंग के बाद कंपन इतना तेज महसूस होता है कि शिक्षक तक घबरा जाते हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति स्कूल के रसोईघर की है जहां मध्यान्ह भोजन तैयार किया जाता है। यह रसोई केंद्र पूरी तरह जर्जर हो चुका है। दीवारें झुकी हुई हैं छत में दरारें हैं और हर धमाके के साथ मलबा गिरने का खतरा बना रहता है। ऐसे में भोजन बनाना भी जोखिम भरा काम बन गया है। सवाल यह है कि यदि किसी दिन रसोईघर की दीवार या छत गिर जाए तो जिम्मेदारी कौन लेगा, ब्लास्टिंग का असर सिर्फ स्कूल भवन तक सीमित नहीं है। बीजेगांव के कई पक्के और कच्चे मकानों में दरारें साफ दिखाई देने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नए बने मकान भी सुरक्षित नहीं हैं। रात के समय कंपन इतना अधिक होता है कि लोगों को लगता है जैसे भूकंप आ गया हो। गांव के एक निवासी ने बताया कि पहले उनका घर बिल्कुल ठीक था लेकिन पिछले कुछ महीनों में दीवारों में कई जगह दरारें उभर आई हैं। उन्होंने कई बार खदान प्रबंधन और प्रशासन से शिकायत की लेकिन न तो कोई निरीक्षण हुआ और न ही मुआवजे की कोई चर्चा। ग्रामीणों और शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को मौखिक और लिखित शिकायतें दी हैं। स्कूल भवन की स्थिति से अवगत कराया गया है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हर बार आश्वासन दिया जाता है कि जांच होगी लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। गांव के लोगों का सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? क्या बच्चों की जान की कीमत इतनी कम है कि दरारों से भरे भवन में पढ़ाई जारी रहे और अधिकारी फाइलों में व्यस्त रहें? इस मामले में जब खनिज विभाग से संपर्क किया गया तो संबंधित अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि नियमों के विरुद्ध ब्लास्टिंग पाई जाती है या गांव को नुकसान हो रहा है तो कार्रवाई की जाएगी। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि यह बयान पहले भी कई बार सुन चुके हैं। जांच की बात होती है लेकिन परिणाम कभी सामने नहीं आता। इस बीच दरारें बढ़ती जा रही हैं और डर गहराता जा रहा है।



### पत्रकार को बनाया बंधक

जब पत्रकार खदान क्षेत्र में स्थिति का जायजा लेने पहुंचे तो उन्हें कर्मचारियों द्वारा रोका गया। यहां पदस्थ कर्मचारी योगेश पटैल सहित अन्य लोगों ने अभ्रदता की। आरोप है कि पत्रकार को डराया-धमकाया गया मारपीट की कोशिश की गई और मोबाइल तोडऩे का प्रयास किया गया। यहां तक कि गाली गलौज कर बंधक बनाने की कोशिश की गई। जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई पुलिस अधीक्षक हस्ताक्षेप के बाद पत्रकार को खदान से जाने दिया गया इस पूरे मामले के प्रमाण बम्हनी थाना प्रभारी और मंडला थाना प्रभारी के पास भी हैं। क्योंकि खदान के कर्मचारियों से उक्त दोनो थाना प्रभारी ने बात की थी मामला काफी गंभीर है और इस बात को प्रमाणित करते हैं कि खदान में कुछ न कुछ गड़बड़ चल रहा है वहीं सवाल है कि इस अवैध ब्लास्टिंग की अनुमति किसने दी और यहां पर उपयोग होने वाले सहित अन्य उपकरण क्या वैध हैं और इस ब्लास्टिंग संबंधित अधिकारी विभाग कब-कब सत्यापन करता हैं वहीं सूत्रों का कहना है कि पूरा खेल पैसा का चल रहा है। और जिले की सत्ता और विकास पैसे वालों के हाथ में आकर सिमट गए हैं शायद यही कारण है कि जिले के सांसद विधायक और मंत्री सभी खमोश हो जाते हैं। वही 18 फरवरी 2026 को एक पत्रकार खदान क्षेत्र में वस्तुस्थिति जानने की कोशिश को जायजा करने पहुंचे तो उन्हें कर्मचारियों द्वारा रोका गया। एक पत्रकार को डराया-धमकाया गया, मारपीट की कोशिश की गई और मोबाइल तोड़ने का प्रयास किया गया। यहां तक कि गाली-गलौज कर बंधक बना लिया गया । एक पत्रकारो को खबर कवरेज से रोकना और डराना न केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि कहीं न कहीं कुछ छिपाने की कोशिश हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान संचालक को खनिज अधिकारी का संरक्षण मिल रहा है, तभी उनके हौसले इतने बुलंद हैं।



## अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, दो वाहन व पोकलेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग के निर्देशों के पालन में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त शिकायतों के आधार पर 18 फरवरी 2026 को तहसील बिछिया अंतर्गत ग्राम कातामाल क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत पर कार्रवाई की गई। उक्त क्षेत्र में पूर्व में भी अवैध रेत उत्खनन एवं भंडारण के प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। कार्रवाई के दौरान लगभग 351 घनमीटर अवैध उत्खनित रेत का प्रकरण दर्ज किया गया। मौके से अवैध उत्खनन में संलिप्त दो वाहन, डंफर क्रमांक सीजी 13 एफयू 6676 एवं डम्फर क्रमांक सीजी 12 बीजी 1567 तथा एक पोकलेन मशीन को प्रशासन द्वारा जब्त किया गया। जब्त वाहनों को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना प्रभारी, थाना बम्हनी की सुपुर्दगी में दिया गया है। प्रकरण में म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। उक्त कार्रवाई खनि निरीक्षक, खनिज अमले, नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी की संयुक्त टीम द्वारा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



## संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी माल में संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद कुमार मरावी द्वारा ग्राम पंचायत सिवनी माल में समाधान शिविर में उपस्थित लोगों की समस्या के बारे में निराकरण करने के लिए एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई जिसमें प्रधानमंत्री आवास एवं पेंशन हितग्राहियों सामाजिक सुरक्षा पेंशन शौचालय आदि योजनाओं के बारे में जानकारीदें सिवनी माल में कृषक सोलर पंप एवं गौशाला मनरेगा के चल रहे काम का भी निरीक्षण किया गया एवं प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन एवं पीने के पानी का भी निरीक्षण किया गया ग्राम पंचायत फड़की मॉल में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण किया गया सीसी रोड आदि का निरीक्षण किया गया मरावी जी द्वारा समय-समय पर ग्राम पंचायत में जाकर चल रहे निर्माण कार्य एवं जन समस्या के बारे में जानकारी ली जाती है एवं जनपद स्तर में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाता है सिवनी माल के पंचायत के सरपंच श्रीमती पार्वती बाई धुर्वे सचिव सोहन पडवार से भी गांव में समस्याओं के बारे में जानकारी ली है इस शिविर में सिवनी माल की जनता की उपस्थिति रही सरपंच सचिव रोजगार सहायक की उपस्थिति रही इस समाधान शिविर में सीईओ विनोद कुमार मरावी जनपद पंचायत नारायणगंज पंचायत इंस्पेक्टर रम्मू मरावी सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी बरखा पीसीओ मोहन परस्ते हेमंत चंद्रोल फड़की माल सरपंच श्रीमती माया बाई मरावी सचिव पंचम तेकाम एवं रोजगार सहायकों की उपस्थिति रही।

**बैठक** | **जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न।**

# बच्चों की वल्नेरेबिलिटी मैपिंग के संबंध में दिए निर्देश

*** पॉक्सो प्रकरणों में इम्पैनल सपोर्ट पर्सन और आवंटित विभागों की समीक्षा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक रोहित बड़कुल ने पिछले जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में प्रस्तुत एजेंडा और कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पालन प्रतिवेदन में बताया गया कि कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा जिले में बच्चों की वल्नेरेबिलिटी मैपिंग के संबंध में दिए गए निर्देश पर मैपिंग की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।

सहायक संचालक श्री बड़कुल ने जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था की विस्तृत जानकारी स्पांसरशिप, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन, मुख्यमंत्री कोविड-19 योजना एवं फास्टर केयर के स्वीकृत प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में बाल कल्याण समिति में प्रचलित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति, स्ट्रीट चिल्ड्रन और भिक्षावृत्ति रोकथाम में पाए गए बच्चों के पुर्नवास के लिए की गई कार्यवाही और पॉक्सो प्रकरणों में इम्पैनल सपोर्ट पर्सन और उन्हें आवंटित प्रकरणों की समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने विभिन्न प्रकरणों में महिलाओं के संरक्षण के लिए विभागीय व्यवस्था और सुविधाओं की जानकारी और पॉक्सो प्रकरणों में सपोर्ट पर्सन इम्पैनल किए जाने की प्रक्रिया पर जानकारी मांगी।

बाल कल्याण समिति जिला मंडला के अध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता ने जेजे एक्ट के उद्देश्यों के प्राप्ति के लिए विभागीय समन्वय से जिला कार्ययोजना बनाएं जाने की बात रखी। जिले में बालिका गृह संचालित न होने के कारण फिट फेसेलिटी के नियमानुसार व्यवस्थित संचालन की सुचारु व्यवस्था संचालित करने की बात कही। बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता, सदस्य श्रीमती तृप्ति शुक्ला, रंजीत कछवाहा, सुश्री शशि पटेल और संतोष कुमार यादव, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य डॉ. रेखा चौरसिया, जिला खेल अधिकारी विकास, उप पुलिस अधीक्षक सतीश चतुर्वेदी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला गजानन नाफडे, बाल गृह अधीक्षक अकील अहमद खान, एसजेपीयू मंडला से श्रीमती मधु मरावी, श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक निलेश युवने, आईटीआई प्रिंसिपल श्रीमती मनीषा भूरिया और महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग की महिला टीम बनी विजेता तथा पुरुष बने उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राज्य स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल मप्र द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मध्य प्रदेश की 12-12 टीमों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग की महिला टीम ने अपने सभी मैच में एक तरफा जीत हासिल किया। महिला टीम ने सेमीफाइनल में सागर को हराकर आनंद में प्रवेश किया। वहीं फाइनल मैच इंदौर के विरुद्ध खेला गया, जिसमें जबलपुर संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंदौर को हराकर दोबारा विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में जबलपुर की टीम ने उज्जैन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच बहुत ही संघर्षपूर्ण रहा। इस मैच में इंदौर से हारकर जबलपुर उप विजेता रही। टीम के प्रदर्शन को देखकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉक्टर टीपी मिश्रा, डॉक्टर बी टैमरे, डॉक्टर एस एस ज्योतिषी, डॉक्टर दिलीप दुबे, डॉक्टर एस आर बघेल, डॉ अर्जुन बघेल, डॉ सीमा धुर्वे, डॉक्टर जुड़ीका कुजूर, डॉक्टर अनीता झरिया ने खिलाड़ियों को बधाई दिए। संभाग के वरिष्ठ क्रिडा अधिकारी डॉक्टर रमेश शुक्ला, डॉक्टर हरीश दुबे, डॉक्टर सुदर्शन ठाकुर, डॉक्टर अमीन खान, डॉक्टर अर्पित सक्सेना, डॉक्टर राजकुमार तथा जिले के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल ने खिलाड़ियों को बधाई दी। टीम के मुख्य कोच डॉक्टर गुलबहार खान ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्ति किया तथा टीम के साथ जुड़े डॉक्टर आशीष चतुर्वेदी, डॉक्टर अनूप परिहार, डॉक्टर नीलेश चौरे, डॉक्टर प्रशांत यादव ने खिलाड़ियों के साथ कड़ी मेहनत करके इस मुकाम तक टीम को पहुंचाने में एहम भूमिका निभाई। जबलपुर संभाग महिला टीम में सुमन मरावी कप्तान साथ में दीपलता कूड़ापे, अंजलि, असमीपरस्ते, गरिमा, अंकेश्वरी, पूजा कुलस्ते, अंजनी, साधना धुर्वे में पुरुष वर्ग में टीम कप्तान जितेंद्र सैयाम उज्जन, सतीश, हेमंत, संजू, रवि प्रकाश, पुरोहित मुकेश, प्रभात ने अपने टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप



### कन्या शाला की छात्राओं ने बढ़ाया नगर का गौरव

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय संस्था शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला गाडरवारा की दो छात्राओ प्रियांशी किरार एवं कुमारी शताक्षी कतिया कक्षा आठवीं एवं उनका मार्गदर्शन प्रदान करने वाली शिक्षिका श्रीमती सपना बसेड़िया ओलंपियाड प्रभारी को ओलंपियाड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। उनके सम्मानित होने पर वरिष्ठ अधिकारियो एवं शिक्षक संदर्भ समूह व स्कूल के शिक्षकों ने प्रसन्नता जताई है। उल्लेखनीय है छात्राओं ने जिला स्तरीय ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले की सूची में स्थान हासिल किया था।

### ग्रामीण सड़कों से निकल रहे भारी भरकम वाहनों के चलते टूट रही सड़क, आम लोगों की जान के लिए बना खतरा

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गांव गांव पक्की सड़कों का निर्माण तो किया जा रहा है, मगर वह सड़क निर्मित होने के चंद दिनों बात जिस प्रकार से टूट रही है उसका प्रमुख कारण एक है कि प्रभावशालियों के दौड़ रहे भारी भरकम डम्फरों की मार जहां यह सड़क सहन नही कर पा रही है। वही दूसरी ओर आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा होने से भी नही बच पा रहा है? क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने के लिए जिस प्रकार से गांव गांव प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क व मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत जिन सड़को का निर्माण किया जाता है इन सड़कों को उसी गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए बनाया जाता है इन सड़कों से इस प्रकार के भारी वाहन तो निकलेगे ही नही सिर्फ किसानों के ट्रेक्टर ट्राली ही निकलेगे। मगर जिस प्रकार से इन ग्रामीण सड़को पर बड़े बड़े दस चाक वाले डम्फर दौड़ रहे है उसके चलते ग्रामीण सड़क चंद दिनों में ही टूटकर चकराचूर होने से नही बच पा रही है। जबकि गौर किया जावे तो बीते हुये कुछ वर्ष पहले तत्कालीन जिला कलेक्टर द्वारा भी इस प्रकार से ग्रामीण सड़को से भारी भरकम डम्फर के दौड़ने संबंध प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किये गये थें। तत्कालीन कलेक्टर द्वारा जारी किये गये आदेश में इस बात का उल्लेख किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्र की सड़को पर वोर्ड स्थापित किये जावे जिसमें इस बात को उल्लेख किया जावे कि यह सड़क कितनी क्षमता के वाहनों का भार सहन कर सकती है उससे अधिक क्षमता के वाहनों को पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। मगर वर्तमान समय में देखने मिल रहा है कि शायद जिला स्तर से लेकर स्थानीय स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों को इस बात से कोई लेना देना नही रह गया है ओर ग्रामीणों की सुविधाओं के लिये बनाई गई सड़को पर भारी भरकम स्थिति के दौड़ने वाले वाहनों को अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है।

पुलिस के लिये चुनौती बन चुकी पंचवटी कालोनी में घटित हुई चोरी की घटना का खुलासा करने में सफल हुई टीआई चौहान की टीम

घटना की सूचना देने वाला

# किरायेदार ही निकला आरोपी, पार किये गये 12 लाख के जेवर

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

कहा जाता है कि पुलिस विभाग में जब कोई अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा के साथ करता है तो उसके लिये बड़ी बड़ी चुनौती भी आसान हो जाती है। यदि मुख्य रूप से देखा जावे तो चोरी जैसी घटनाये निश्चित तौर से पुलिस के लिये चुनौती बनने से नही चूकती है। यदि कोई अधिकारी इन घटनाओं के आरोपियों को पकड़ने के साथ साथ पार की गई सामग्री को जप्त करता है तो उसके लिये सबसे बड़ी सफलता मानने से इंकार नही किया जा सकता है..? क्योंकि किसी भी घटना में ज्ञात आरोपियों को तो आसानी से पकड़ा जाता है। मगर चोरी जैसी घटनाओं में आरोपी की खोजबीन करने के साथ साथ आरोपियों के पास से वह सामग्री जप्त करना निश्चित तौर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के लिये चुनौती पूर्ण कार्य होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये वर्ष यानि की 6 दिसम्बर 2025 में नगर के पंचवटी कालोनी में घटित हुई चोरी की घटना में आरोपी द्वारा पार किये गये सोने चांदी के जेबर सहित नगदी को लेकर पुलिस द्वारा पीडित की शिकायत पर मामला तो कायम कर लिया गया था। मगर आरोपी की खोबीन करने के साथ साथ उसे पकड़ते हुये पार की गई सामग्री जप्त करना गाडरवारा पुलिस थाने के साथ साथ जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के लिये के लिये एक चुनौती बनने से नही चूक रहा था। मगर इस चुनौती पूर्ण मामले के आरोपी को पकड़ने के साथ साथ उसके पास से चोरी की गई सामग्री को जप्त करने में जिस तरह से नव नियुक्त टीआई अशोक सिंह चौहान की टीम द्वारा जिस तरह से सफलता हासिल की गई है उसने निश्चित जिम्मेदार अधिकारी की निष्ठा पूर्ण कार्यवाही और अपने दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वाहन करने की सच्चाई को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। इस तरह टीआई अशोक सिंह चौहान की टीम द्वारा हासिल की गई इस सफलता का बीते हुये दिवस उप पुलिस अधीक्षक एस एल डागुर की मौजूदगी में खुलासा करते हुये बताया गया है कि बीते हुये 6 दिसम्बर 2025 को नगर की पंचवटी











कॉलोनी स्थित मकान का ताला तोड़कर अलमारी से सोने चांदी के जेवर सहित नगदी 8000 रूपये चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना गाडरवारा में धारा 331(4),305(a) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुये अज्ञात चोर की गिरफ्तारी एवं संपत्ति बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देश पर विशेष टीम गठित करने के आदेश जारी हुये थें। इस तरह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक एस एल डागुर के कुशल नेतृत्व में बनाई गई इस टीम में मुख्य रूप से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने के लिये अलग पहुंचान बना चुके टीआई अशोक सिंह चौहान के आलवा सहायक उप निरीक्षक राजेश तिवारी, हरिशंकर बटके, प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे,बालकृष्ण रघुवंशी बल्लू, सुजीत बागरी, शिवम पटेल, दीपक राजपूत, ऐश्वर्य वेंकट, सौरभ मिश्रा, अक्षय श्रीवास्तव, सृजल भार्गव, रामसिंह को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुये जब जानकारी एकत्र की गई तो संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान चोरी की घटना सें प्रार्थी को सूचना देने वाले किरायेदार दीपक वर्मा की भूमिका संदिग्ध नजर आने के चलते पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर जब हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पहले संदेही किरायेदार दीपक वर्मा बार-बार अपना कथन बदल रहा था। मगर जब तकनीकी साक्ष्य संकलन एवं मुखबिर की सूचना को आधार मानते हुये पुलिस टीम द्वारा कुछ सख्त रवैया अपनाने की शुरूआत की गई तो आरोपी द्वारा चोरी की घटना को स्वीकार करते हुये संपूर्ण घटनाक्रम की कहानी से अवगत कराने में देर नही की गई। खुलासे के दौरान सच्चाई सामने आई कि मकान मालिक के शहर के बाहर जाने से सूना घर पाकर शातिर किरायेदार दीपक वर्मा ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चाँदी के जेवर एवं नगदी चोरी कर लिये। वही पार किये गये सोने-चाँदी के जेवर को डिब्बे में भरकर झाड़ियों में छिपा दिया था। इसके बाद आरोपी किरायेदार द्वारा ही अपने मकान मालिक को गुमराह करने के लिये एवं पुलिस को घर में चोरी हो जाने की सूचना दी गई। इस प्रकार पुलिस के लिये चुनौती पूर्ण बन चुकी इस चोरी की घटना का खुलासा करने में पुलिस द्वारा सफलता हासिल करते हुये आरोपी किरायेदार दीपक पिता मनसाराम वर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बसुरिया हाल पंचवटी कॉलोनी गाडरवारा के पास से चोरी किये गये सोने के 03 मंगलसूत्र, टॉप्स,चेन, 04 अंगूठी, चाँदी के 05 चूड़े, 03 पायल, 05 जोड़ी बिछिया एवं नगदी 2,000 रू. कुल मिलाकर 12 लाख रूपया से अधिक की सामग्री जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा अपने खुलासे में बताया है कि आरोपी दीपक वर्मा के विरूद्ध थाना गाडरवारा में पूर्व में जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है। इस तरह पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पूछताछ की जा रही है जिससे संभावना लग रही है कि शायद अन्य चोरी की घटनाओं का और भेद खुल सकता है...?

## गहोई महिला मंडल का चुनाव संपन्न रवीना कठल निर्विरोध अध्यक्ष बनी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सामाजिक एकजुटता और संगठनात्मक सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए बीते हुये दिवस स्थानीय गहोई महिला मंडल का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी डॉ. सुनीता गुप्ता एवं श्रीमती रजनी कठल की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न कराई गई। बताया जाता है कि चुनावी बैठक की अध्यक्षता श्रीमती सरिता गुप्ता ने की गई। जबकि शिखा नीखरा के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सर्वसम्मति से रवीना कठल को गहोई महिला मंडल का अध्यक्ष निर्विरोध चयनित किया गया। उनके चयन पर उपस्थित महिलाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए संगठन को नई ऊर्जा मिलने की बात कही। चुनाव प्रक्रिया में छवि रावत, मीता कठल, मंजू कठल, अमिता गेडा, अंशिका खंताल, संध्या कठल, शैल बडौन्या, सीता कठल, सुनीता कठल, राशि कठल, शीलिमा कठल, राखी गेडा, पूनम गेडा, आशु खंताल, नैना कठल, डाली कठल एवं अर्चना कठल का विशेष सहयोग रहा।समस्त गहोई महिला मंडल की ओर से नवनिर्वाचित अध्यक्ष रवीना कठल के प्रति सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में मंडल सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्यों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।



## परिवहन विभाग द्वारा दूसरे दिवस एनटीपीसी में संचालित फ्लाई ऐश के परिवहन में लगे वाहनों की गई जांच

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र की सड़को पर दौड रहे फ्लाईऐश के वाहनों की लगातार दूसरे दिवस भी जांच होते हुये देखने मिली। बताया जाता है कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा के निर्देशों के परिपालन में जिला परिवहन अधिकारी व उनकी टीम द्वारा एनटीपीसी में संचालित प्लाईऐश परिवहन में लगने वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 2 वाहनों में कमी पाए जाने पर मौके पर ही जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया ने बताया कि गुरूवार को चीचली-गाडरवारा रोड एवं गाडरवारा-तेंदूखेड़ा रोड पर एनटीपीसी में संचालित फ्लाईऐश के परिवहन में लगे लगभग 25 वाहनों की जाचं की गई। इन वाहनों में मुख्य रूप से असुरक्षित परिवहन, ओवर स्पीडिंग, परमिट शर्तों के उल्लंघन एवं मोटर वाहन अधिनियम की अन्य धाराओं में जांच की गई। जांच के दौरान 25 वाहनों में से 2 वाहनों में कमी पाए जाने पर मौके पर ही 19 हजार 500 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। यह कार्यवाही जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया के नेतृत्व में जिला परिवहन विभाग के सुदामा जाट, संजय राजपूत, प्रभात अवस्थी, देवेन्द्र मेहरा के द्वारा की गई।




### पांचवी आठवीं वार्षिक परीक्षा के केंद्राध्यक्ष का उन्मुखीकरण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जनपद शिक्षा केंद्र चीचली में कक्षा पांचवीं और आठवीं कक्षा के परीक्षा केंद्र अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य केंद्र अध्यक्षों को परीक्षा के दौरान सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में अवगत कराना था। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा, विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति, उपस्थिति की जानकारी निर्धारित प्रारूप में कंट्रोल रूम तथा जन शिक्षा केंद्र को प्रदान करने, दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं, केंद्र पर छात्रों के प्रबंधन, परीक्षा सामग्री की निगरानी और केंद्र के संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने केंद्र अध्यक्षों को विभिन्न परीक्षा नीतियों और नियमों के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखना, छात्रों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण सुनिश्चित करना, और परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह के धोखाधड़ी या अनुशासनहीनता को रोकने पर चर्चा की। उन्होंने कहा "हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखा जाए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से केंद्र अध्यक्षों को आवश्यक जानकारी और कौशल मिलेंगे, जिससे वे छात्रों और परीक्षा प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संभाल सकेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आज 20 फरवरी से प्रारंभ होने वाली कक्षा 5वी व कक्षा 8 वी बोर्ड परीक्षाओं के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस प्रशिक्षण में कक्षा पांचवी आठवीं परीक्षा के सभी केंद्र अध्यक्ष तथा सहायक केंद्र अध्यक्ष ने अपनी सहभागिता दी।

## आज से कक्षा 5 और 8वीं की वार्षिक परीक्षाओं का होगा शुभारंभ, केंद्रों पर तैयारियां पूर्ण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केन्द्र क्रे निर्देशानुसार कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा आज 20 फरवरी दिन शुक्रवार से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा की समय-सारणी बहुत पहले ही जारी की जा चुकी हैं। इस परीक्षा मे क्षेत्र की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं क्रे छात्र छात्राएँ शामिल होंगे। सत्र 2025-26 की यह परीक्षाएँ 28 फरवरी को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। प्रश्न-पत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक होगा। परीक्षा हेतु क्षेत्र क्रे साईंखेड़ा ब्लॉक मे कुल 26 परीक्षा केंद्र बनायें गए हैं जिनमे नगर गाडरवारा मे पीएमश्री बीटीआईं स्कूल, पीएम श्री शासकीय कन्या नवीन, शासकीय आदर्श उ मा विद्यालय, शासकीय कन्या उ मा विद्यालय एवं सरस्वती उ मा विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया हैं। इसके अलावा चीचली ब्लाक मे कुल 33 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया हैं। इस परीक्षा मे चीचली ब्लॉक से कक्षा 5 वी क्रे कुल 2611 एवं कक्षा 8 वी क्रे कुल 2435 तथा साईंखेड़ा ब्लॉक से कक्षा 5 वी क्रे 3142 एवं कक्षा 8 वी क्रे 2993 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा मे दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जायेगी इसके अलावा जो दिव्यांग परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने में सक्षम नहीं है उनकी परीक्षा उनके घर जाकर ली जाएगी। परीक्षा क्रे आयोजन को लेकर सभी केंद्रों पर आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गईं हैं। केंद्रों पर नियुक्त केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष द्वारा पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर परीक्षा संचालन से जुड़े निर्देश दे दिए गए हैं। स्कूलों मे प्रवेश पत्रों का वितरण शिक्षकों द्वारा पहले ही छात्र छात्राओं को किया जा चुका है। परीक्षा क्रे लिए गोपनीय सामग्री भी जिले से प्राप्त हो चुकी है। क्षेत्र के चीचली एवं साईंखेड़ा ब्लॉक मे परीक्षा क्रे संचालन हेतु कंट्रोल रूम बनाये गए हैं। बीईओ सीमा डोंगरे इंदुरख्या, वीरेंद्र राजपूत,बीआरसी डी क्रे पटैल, संदीप स्थापक ने परीक्षा मे शत प्रतिशत छात्र छात्राओं की उपस्थिति की अपील की हैं।



### मप्र जन अभियान परिषद की चीचली एवं साईंखेड़ा में संयुक्त समीक्षा बैठकें सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अंतर्गत विकासखंड चीचली एवं साईंखेड़ा में नवांकुर संस्थाओं तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के परामर्शदाताओं की समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। बताया जाता है कि इन बैठकों में त्रैमासिक कार्ययोजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के कार्यों, पौध नर्सरी स्थापना, दस्तावेजीकरण, क्षेत्रीय भ्रमण आदि की प्रगति की समीक्षा की गई। सीएमसीएलडीपी अंतर्गत संचालित कक्षाओं की नियमितता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, प्रायोगिक कार्यों तथा सीएम इंटरेंस संबंधी तैयारियों पर भी चर्चा की गई। साथ ही पंख योजना अंतर्गत डाटा संकलन एवं आगामी घाट उत्सव में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा एवं संबंधित विकासखंड समन्वयकों की उपस्थिति में नवांकुर संस्थाओं और परामर्शदाताओं को कार्ययोजना के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया।

### बदहाली का शिकार सालीचौका शमशान घाट साफ सफाई के अभाव में परेशान हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका



जहां एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा गांव गांव शमशान घाट बनाने के लिए करोड़ो की राशि खर्च करते हुए निर्माण कराया जा रहा है, मगर वही दूसरी ओर जो शमशान घाट पहले से ही बने हुए है उनकी देखरेख में बरती जा रही उदासीनता के चलते वह बदहाली का शिकार होते हुए देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सालीचौका शमशान घाट में देखने मिल रही है, जहां पर स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि जरूरत पड़ने पर जब लोग इस शमशान घाट में पहुंचते है तो उनका अंदर घुसपाना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि शमशाम घाट के अंदर ऊग रही काटेदार झाड़ियो के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करते हुए देखा जाता है, वही साफ सफाई के आभाव में गंदगी का अम्बार भी लगा हुआ देखा जा रहा है। इस प्रकार से नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित इस शमशान घाट को लेकर नगर परिषद द्वारा बरती जा रही उदासीनता के चलते जहां नपा की कार्य प्रणाली चर्चा का विषय बनी हुई है, वही दूसरी ओर शमशान घाट के रख रखाब के लिए हर वर्ष आने वाली राशि कहा खर्च हो रही है यह चर्चा का विषय बना हुआ है? क्योंकि आदमी के अंतिम पडाव के पहुंचने वाली जगह भी स्वच्छ न होने के कारण सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान पर ग्रहण लगाने से नही चूक पा रही है?



### ट्रेनों में सीट सुरक्षित या फिर जल्दबाजी के चक्कर में रेल पटरी पार करना बन सकता जिन्दगी को खतरा

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएँ मॉगने के हकदार है, किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों त्यौहारों की धूमधाम और शालाओं में चल रहे अवकाशों के कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेट फार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीड भाड़ का आलम रहता है, इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए या फिर जल्द बाजी में दूसरे प्लेट फार्म पर पहुंचने के लिये अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न करते हुये मासूम बच्चों को लेकर पटरी पार करने से नही चूकते है, इसमें महिलाएं भी पीछे नही रहती है, इतना ही नही हालत यह है कि कभी कभी तो रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़नें की कोशिश की जाती है। अक्सर देखा जाता है कि अनेक रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रैक पर खड़े हो जाते है। जब प्लेट फार्म कूद कर रेल लाईन पार करना अपने आप में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेटफार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रैक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रैक से हटाते हुये प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।

### लापरवाहीपूर्वक आटो चलाने टकराया ट्रेक्टर से

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आटो चालक द्वारा जिस तरह सड़को पर लापवाही पूर्वक आटों दौड़ाये जाते है उसके चलते वह अपनी सबारियों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ कौडिया रोड पर देखने मिली। जहां पर आटों चालक की गलती के चलते आटों सड़क पर खड़े ट्रेक्टर से टकरा जाने के चलते सबारियों को चोटे आई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीएचई विभाग में कार्यरत एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब वह अपनी ड्यूटी करने के बाद बस स्टेण्ड गाडरवारा से अपने गांव के आटो चालक कल्लू कहार पिता मुट्टा कहार के आटो मे बैठकर अपने घर ग्राम कौडिया जा रहा था। इस दौरान आटो मे मेरे अलाबा मेरी गांव की नीलम नामदेव, राकेश सोनी भी बैठे थे आटो चालक अपने आटो को तेजगति व लापरवाही पूर्वक चला रहा था जिसे मैने आटो धीरे चलाने के लिये बोला। परंतु आटो चालक ने बात नही मानी और अपने आटो को तेजगति लापरवाही पूर्वक खतरनाक तरीके से चलाकर बीजासेन मंदिर के पास रोड किनारे खडे ट्रेक्टर मे जाकर टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटित हुई इस एक्सीडेट की घटना से प्रार्थी सहित नीलम नामदेव, राकेश सोनी को चोटे आई। वही आटों चालक मौके पर ही आटों को छोड़कर भाग गया। मौजूद लोगों की मदद से घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय पहुंचाया गया। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी आटों चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।





### समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** चीचली विकासखंड के जनशिक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा में जनशिक्षा केंद्र स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक में जनशिक्षक संजय सोनी ने सभी छात्रों की अपार आई डी बनाने तथा कक्षा 5 वी/ 8 वी के छात्रों के प्रवेश पत्र वितरित करने तथा अनियमित उपस्थिति वाले छात्रों से एवं पालकों से गृह संपर्क कर छात्रों को परीक्षा में उपस्थित कराने,दिव्यांग छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं को छात्रों को उपलब्ध कराने के आलवा परीक्षा केंद्र पर छात्रों को शुद्ध पेयजल ,परीक्षा कक्ष में पर्याप्त रोशनी, एवं समय विभाग चक्र अनुसार परीक्षा संपन्न कराने संबंधी निर्देश प्रदान किए।उक्त बैठक में जनशिक्षा केंद्र प्रभारी तेंदूखेड़ा सतेंद्र सिंह कौरव ने वार्षिक मूल्यांकन 2026 में सौ प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने संबंधी निर्देश दिए, आयकर गणना पत्रक फार्म 12 सी समय सीमा जमा करने संबंधी निर्देश दिए। उक्त बैठक में प्रधान पाठक आर एस ठाकुर, देवेंद्र नाथ, मिश्री लाल मेहरा, अजय पाराशर, राजश्री बेलवंशी, संध्या बेलवंशी, सुनील पिपरोनिया, वीरेंद्र कौरव, अरविंद सिंह कौरव, भागवेंद्र सिंह कौरव, अनुज उईके, ज्ञानेश्वर मेहरा, महेश ठाकुर, शोभाराम बाजपेई, अशोक ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, राम प्रसाद ऊईके, रोशनी वर्मा, दीपक मेहरा, नवनीत मेहरा, राघवेंद्र राजपूत, कमलेश गोंड, प्रवीण शर्मा, दिनेश भारिया, कमलेश गोंड, शिवराज सिंह ठाकुर सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते वाहन हुए जब्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में खनिज विभाग द्वारा सघन कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में प्रभारी खनिज अधिकारी श्रीमती ईशा वर्मा द्वारा गुरुवार को ग्राम बसखला में खनिज गिट्टी का ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन करते हुए 02 वाहन जब्त किया गया। उक्त प्रकरण में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के नियम 19 (1), (2) एवं (3) के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई।

## उत्कृष्ट उ.मा.वि. परिसर मे 22 फरवरी से एक माह के लिए अनाधिकृत प्रवेश प्रतिबंधित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के केन्द्रीय मूल्यांकन के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है। संस्था के प्राचार्य को मूल्यांकन केन्द्राधिकारी नियुक्त किया गया है। मूल्यांकन कार्य 22 फरवरी से प्रारंभ होकर लगभग एक माह तक चलेगा। मूल्यांकन कार्य की गोपनीयता एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर परिसर में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार 22 फरवरी से आगामी एक माह तक विद्यालय परिसर में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश एवं अनावश्यक जमावड़े पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## कटनी वनमंडल में कल से शुरू होगी गिद्धों की गणना

**कटनी।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कटनी सहित पूरे प्रदेश में गिद्ध गणना का कार्य 20 फरवरी से 22 फरवरी तक किया जाएगा। वनमंडलाधिकारी कटनी गर्वित गंगवार ने बताया कि यह गणना वन विभाग की टीम द्वारा वन परिक्षेत्र कटनी, रीठी एवं विजयराघवगढ़ के अंतर्गत किया जायेगा। जिले में गिद्ध गणना तीन दिवस चलेगी। तीनों दिन प्रातः 6.30 बजे से गिद्धों की गणना प्रारंभ होगी । गिद्ध गणना वर्ष-2026 में स्वयंसेवक के रूप में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति उपवन मंडलाधिकारी पूर्व से संपर्क कर सकते हैं और गिद्धों की गणना में भागीदारी निभा सकते हैं।

## डेयरी समितियों को क्रियाशील करने निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने नवगठित डेयरी सहकारी समितियों को कार्यशील बनाने, मछुआ सहकारी समितियों को पट्टा देने एवं के.सी.सी. वितरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही, पैक्स पुनर्गठन के पश्चात नवीन पैक्स समितियों की आस्तियों एवं दायित्वों का बटवारा, बैंक खातों खोलने, कार्यालय की स्थापना, कर्मचारियों की पदस्थापना एवं लेखा परीक्षण की कार्यवाही कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में पुर्नगठित नवीन पैक्स समितियों के पैक्स कंप्यूटराईजेशन कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। कलेक्टर श्री तिवारी ने पशुपालन एवं कृषि विभाग के समन्वय से दुग्ध समितियों के गठन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। बैठक में सहायक आयुक्त सहकारिता राजयश वर्धन कुरील, उप संचालक कृषि अरूणिमा सेन कॉपरेटिव बैंक की नोडल अधिकारी जयति विलथरिया, नाबार्ड के जिला प्रबंधक विकास जैन सहित और मतस्य पालन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद है।

# डिंडौरी में तंबाकू व मादक पदार्थों की काला बाज़ारी बेलगाम, जिम्मेदार विभाग बना मूकदर्शक

**डिंडौरी । जिले में इन दिनों मादक पदार्थों और तंबाकू से जुड़े उत्पादों की काला बाज़ारी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। राजश्री, गुड़ाखू सहित अन्य प्रतिबंधित एवं नियंत्रित तंबाकू उत्पाद खुलेआम तय कीमत से अधिक दामों पर बेचे जा रहे हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है।**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पूरा खेल जिले के बड़े थोक व्यापारियों द्वारा सुनियोजित तरीके से लंबे समय से खेला जा रहा है। बताया जा रहा है कि थोक व्यापारी जानबूझकर छोटे दुकानदारों को उनकी वास्तविक मांग से काफी कम मात्रा में तंबाकू उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। दुकानदारों को यह कहकर संतुष्ट किया जाता है कि कंपनियों से माल की आपूर्ति नहीं हो रही है या ऊपर से स्टॉक ही नहीं आ रहा। इसी बहाने बाजार में कृत्रिम कमी पैदा कर दी जाती है। जब दुकानों में माल कम दिखाई देता है, तो ग्राहक मजबूरी में अधिक कीमत चुकाने को तैयार हो जाते हैं। इस कृत्रिम अभाव का नतीजा यह है कि जो सामान 10 रुपये में बिकना चाहिए, वह 15 रुपये में और 40 रुपये की सामग्री 50 रुपये तक में बेची जा रही है। कई इलाकों में तो इससे भी अधिक कीमत वसूले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां विकल्प न होने के




कारण उपभोक्ताओं को मनमानी कीमत चुकानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह काला बाज़ारी बीते कई दिनों से नहीं बल्कि लंबे समय से पूरे जिले में चल रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों द्वारा न तो नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और न ही प्रभावी कार्रवाई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, आबकारी विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं। आमजन में यह चर्चा है कि यदि समय-समय पर दुकानों और गोदामों की जांच होती, तो इस तरह की मुनाफाखोरी पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती थी। काला बाज़ारी का सीधा असर न सिर्फ आम नागरिकों पर पड़ रहा है, बल्कि युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा मिल रहा है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि तंबाकू और मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर सख्ती से रोक लगाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि थोक व्यापारियों के स्टॉक की जांच कर वास्तविक आपूर्ति और बिक्री का खुलासा किया जाए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर कब जागता है और काला बाज़ारी के इस संगठित खेल पर कब तक प्रभावी लगाम लगाई जाती है। जनता को उम्मीद है कि जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएंगे, ताकि बाजार में निर्धारित दरों पर ही सामग्री उपलब्ध हो सके और आम लोगों को राहत मिल सके।

## डिवाइडर निर्माण में अनियमितता के आरोप, पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



शहपुरा। नगर में जारी डिवाइडर निर्माण कार्य एक बार फिर विवादों में घिर गया है। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने निर्माण कार्य में मनमानी और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपा। वे पूर्व पार्षदों के साथ नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।राजेश गुप्ता ने कहा कि नगर में इन दिनों यातायात दबाव बढ़ा हुआ है और आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में डिवाइडर निर्माण कार्य में लापरवाही भविष्य में दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। उनका आरोप है कि निर्माण के दौरान निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है और गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। इससे शासकीय धन के दुरुपयोग की आशंका भी जताई जा रही है।

ज्ञापन में डिवाइडर की ऊंचाई, चौड़ाई तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी निर्माण कार्य की धीमी गति और कई स्थानों पर असमान सतह की शिकायत की है। पूर्व अध्यक्ष ने मांग की है कि पूरे कार्य की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए तथा यदि अनियमितता पाई जाए तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्माण प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमित गुणवत्ता निरीक्षण सुनिश्चित करने की भी मांग की।राजेश गुप्ता ने कहा कि नगर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि प्रशासन शीघ्र उचित कदम नहीं उठाता है तो जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ मिलकर आगे की रणनीति तय की जाएगी।इस संबंध में नगर पंचायत अधिकारियों का कहना है कि मामले को संज्ञान में लिया गया है। यदि जांच में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## फाइनल मुकाबले में झिलमिला टीम ने पड़रिया टीम को किया पराजित



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत झिलमिला में ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें आस पास गांवों के अनेक टीमों ने हिस्सा लिया गया। जिसका फाइनल मुकाबला विरासनी क्रिकेट क्लब झिलमिला और पड़रिया टीम के मध्य खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पड़रिया टीम ने अपने निर्धारित 10 ओवरों में 112 रन बनाकर झिलमिला टीम के लिए 113 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झिलमिला टीम ने 8 ओवर में 4 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर फाइनल खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव एवं अन्य अतिथियों के हस्ते ग्रामीण टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता टीम झिलमिला को 10 हजार रूपए नगद व ट्राफी एवं उपविजेता पड़रिया टीम को 5 हजार रूपए नगद व ट्राफी प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने जो खेल के प्रति सच्ची संवेदना दिखाई हैं। उसके लिए आप सभी खिलाड़ी बंधुओं को बहुत बहुत शुभकामनाएं। आगामी समय में भी इसी तरह खेल खेलते रहे। उपस्थित खिलाड़ियों द्वारा मण्डल अध्यक्ष से क्रिकेट किट की मांग की गई। जिस पर मण्डल अध्यक्ष ने दोनों टीमों को क्रिकेट किट देने को कहा गया। इसके साथ ही आगामी समय में खेल और खिलाड़ियों के लिए हर सम्भव मदद करने की बात भी कही गई। *समापन अवसर पर यह रहे मौजूद भाजपा महामंत्री राम कुमार वनवासी, ग्राम पंचायत झिलमिला सरपंच कीर्तन मरावी, ग्राम पंचायत साम्हर सरपंच कमलेश मरावी, बलराम तिलगाम, परमेश्वर यादव, सखाराम यादव, कोमल मरकाम, वीर सिंह मरकाम, मनीराम मरावी, महेंद्र कुशराम, जगत मरावी, कमला सिंह मरकाम, बलदेव सिंह धुर्वे, कुलपत सिंह मरकाम, कमल सिंह कुशराम, रमेश मरावी, प्रमोद धुर्वे, मदन मरकाम, भगत मरावी सहित आयोजन समिति सदस्य एवं क्रिकेट खेल प्रेमी दर्शक भारी संख्या में मौजूद रहे। फाइनल मुकाबले में निर्णायक की भूमिका में आनंद धुर्वे व राज कुमार करचाम रहे। स्कोरिंग हेमंत कुशराम द्वारा किया गया। वहीं पर मैच का आखों देखा हाल राम प्रसाद धुर्वे द्वारा सुनाया गया।

## शहपुरा पशु चिकित्सालय में अव्यवस्था के आरोप, डॉक्टर की अनुपस्थिति पर उठे सवाल

**ड्यूटी समय में नदारद मिले वेटरिनरी सर्जन, नागरिकों ने जांच व कार्रवाई की मांग की**

**डिंडोरी।** जिला मुख्यालय से संचालित पशु चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शहपुरा स्थित पशु चिकित्सालय में पदस्थ वेटरिनरी असिस्टेंट सर्जन डॉ. नवल सिंह कुलस्ते की ड्यूटी समय में अनुपस्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों और पशुपालकों ने नाराजगी जताई है।जानकारी के अनुसार 18 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 2:58 बजे डॉक्टर अस्पताल में उपस्थित नहीं थे। उस समय उपचार के लिए पहुंचे कई पशुपालकों को इंतजार करना पड़ा। कुछ लोगों का आरोप है कि डॉक्टर अक्सर निर्धारित समय पर उपलब्ध नहीं रहते, जिससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पशुपालकों को निराश होकर लौटना पड़ता है। अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अनुराधा पटेल (वीईओ) ने बताया कि डॉ. कुलस्ते सुबह ड्यूटी पर आए थे, किंतु बाद में वे अस्पताल में मौजूद



नहीं थे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे अवकाश पर नहीं थे तथा अवकाश संबंधी सूचना सीधे वरिष्ठ अधिकारी को दी जाती है।सूत्रों के मुताबिक, फोन पर संपर्क करने पर डॉ. कुलस्ते ने स्वयं को पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होना बताया। हालांकि अस्पताल के अन्य कर्मचारियों ने भी यही कहा कि डॉक्टर सुबह आए थे, लेकिन उसके बाद उनकी अनुपस्थिति की जानकारी किसी के पास नहीं है।मामले में जब संबंधित डिप्टी डायरेक्टर से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने स्पष्ट टिप्पणी करने से परहेज किया। इसे लेकर नगरवासियों का कहना है कि विभागीय जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ड्यूटी रजिस्टर और उपस्थिति अभिलेखों की जांच कर तथ्य स्पष्ट किए जाएं। साथ ही यदि अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता बनी रहे और पशुपालकों को समय पर उपचार सुविधा मिल सके।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित



**डिण्डौरी।** नगर परिषद डिण्डौरी द्वारा 18 फरवरी 2026 को "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत सायं 4 बजे नगर परिषद कार्यालय परिसर में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत चयनित 10 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से लाभ उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिकता है।अध्यक्ष महोदया ने अपने संबोधन में कहा कि "संकल्प से समाधान" अभियान का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें सीधे शासन की योजनाओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद जनहित के कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध है और पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि यह अभियान शासन की जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। इसके माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों की विधिवत जांच के बाद पात्र हितग्राहियों का चयन कर पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लाभ प्रदान किया जाता है। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने भी हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में हितग्राहियों ने नगर परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडियारास नवनिर्मित भवन शीघ्र होगा प्रारंभ जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न विकास कार्यों का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने नवीन स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडियारास के नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया गया इस दौरान प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ धनीराम सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने नवनिर्मित स्वास्थ्य केन्द्र भवन का अवलोकन करते हुए आगामी 15 दिवस में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडियारास का संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिए उन्होंने भवन का अवलोकन करते हुए दिव्यांग शौचालय में रैंप लगाने, बायो मेडिकल बेस्ट के लिए निर्धारित स्ट्रक्चर बनाए जाने तथा परिसर में निर्मित स्टाफ क्वार्टर में संबंधित स्टाफ को शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने उप स्वास्थ्य केन्द्र केल्हौरी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन के बाउंड्रीवाल, स्टाफ क्वार्टर के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भ्रमण के दौरान महिलाओं के प्रसूति के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया तथा मानक निर्देशानुसार आवश्यक सामग्री की यथास्थान उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत भवन केल्हौरी पहुंचकर भवन का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत भवन में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के लिए भवन निर्माण की मांग का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सभागार में ग्राम पंचायत केल्हौरी को वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित करने समग्र विकास कार्य योजना तैयार करने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना के तहत स्थानीय निवासियों को सोलर सिस्टम लगवाए जाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा उन्हें योजना के अनुदान, लाभ आदि की जानकारी प्रदान करने के संबंध में ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक शौचालय के निर्माण, पंचायत भवन में वाई-फाई सुविधा सिस्टम लगाने तथा पंचायत लर्निंग सेंटर के अनुसार व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत केल्हौरी के अंतर्गत स्व सहायता समूह को आजीविका आधारित गतिविधि के लिए प्रोत्साहित करने तथा ऐसे समूह को चिन्हित करने के निर्देश दिए उन्होंने नल, जल, प्रकाश आदि के स्व करारोपण के संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रो में पोषण वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए।

## वृद्धाश्रम सीतापुर का जिला पंचायत सीईओ ने लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम सीतापुर में वृद्धाश्रम परिसर तथा परिसर में बनाए गए सामुदायिक स्वच्छता परिसर एवं वृद्धाश्रम के आवासीय परिसर, किचन, स्टोर, पेयजल, आदि व्यवस्था का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। भ्रमण के मौके पर उपसंचालक सामाजिक न्याय केके सोनी, जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके रैकवार सहित संबंधित जन उपस्थित थे। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम के विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के शुद्धणीकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने ग्राम सीतापुर में प्रधानमंत्री सड़क से मुक्ति धाम तक निर्मित कराई गई सीसी रोड निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा समीपस्थ ग्राम भोलगढ़ में बोरवेल का अवलोकन करते हुए ग्रामीणों से चर्चा की गई ग्रामीणो ने अवगत कराया की बोरवेल में पर्याप्त पानी की उपलब्धता नहीं है

## भूमि अधिग्रहण पर बवालः डिंडौरी की ग्राम सभाओं ने राज्यपाल से लगाई गुहार

### 48 ग्राम सभाओं ने राघोपुर बांध परियोजना के खिलाफ खोला मोर्चा

**डिंडौरी न्यूज । जिले के मुड़ियाकला क्षेत्र की 48 ग्राम सभाओं ने पारंपरिक ग्राम सभा (डूब प्रभावित क्षेत्र) के बैनर तले एक ज्ञापन सौंपकर राघोपुर बहुउद्देशीय परियोजना बांध के नाम पर की जा रही भूमि अर्जन प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। प्रभावितों ने ज्ञापन महामहिम राज्यपाल मध्यप्रदेश, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग एवं कलेक्टर डिंडौरी को संबोधित करते हुए सौंपा है।**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि संबंधित गांव पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में आते हैं, जहां भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13(3), 19(5), 244(1) तथा पेसा अधिनियम 1996 के प्रावधान लागू होते हैं। ग्राम सभाओं का



आरोप है कि भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई में पेसा एक्ट 1996 एवं भू-अर्जन अधिनियम 2013 के नियमों का पालन नहीं किया गया तथा बिना ग्राम सभा की अनुमति के पेड़ों की कटाई और अन्य प्रक्रियाएं की जा रही हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा को संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं और किसी भी विकास परियोजना से पहले ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य है। ग्राम प्रतिनिधियों ने धारा 4, 7 एवं अन्य संबंधित प्रावधानों का हवाला देते हुए प्रशासन पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगाया है।

ग्राम सभाओं ने मांग की है कि वर्तमान में जारी अधिसूचनाओं और भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए तथा संविधान और पेसा कानून के तहत ग्राम सभा के अधिकारों का सम्मान सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन पर प्रभावित किसानों एवं ग्राम प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं। मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हैं और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे आगे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान अमर सिंह मार्को, शिवराज धुर्वे, छत्तर सिंह मरावी, हलदर, अतर सिंह सहित बड़ी संख्या में डूब प्रभावित क्षेत्र के लोग मौजूद रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 42 हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस जिला चिकित्सालय मे 42 हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किया गया। कलेक्टर श्रीमति रजनी सिंह की अध्यक्षता में एंव डॉ मनीष कुमार मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर व डॉ. राजकुमार चैधरी सिविल सर्जन के निर्देशन में बुधवार को टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया।

### जिले के 88 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हुई हाईस्कूल की परीक्षा



नरसिंहपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत गुरूवार 19 फरवरी को जिले में बनाए गए कुल 88 परीक्षा केन्द्रों पर हाई स्कूल की परीक्षा सम्पन्न हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि हाई स्कूल की संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में पंजीकृत 12 हजार 661 परीक्षार्थियों में से 12 हजार 619 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 192 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई तथा नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

### राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित विद्वान अपने विचार साझा करेंगे

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से 23 और 24 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। संगोष्ठी का मुख्य विषय आधुनिक साहित्य में लोक रखा गया है। संगोष्ठी की संयोजक और हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. नमिता साहू ने बताया कि यह संगोष्ठी लोक जीवन के मूल्यों, परंपराओं और आधुनिक साहित्य के अंतःसंबंधों पर विचार-मंथन का एक साझा मंच प्रदान करेगी। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक उच्च शिक्षा जबलपुर के अतिरिक्त संचालक डॉ. पंजाबराव चंदेलकर और संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह हैं। संगोष्ठी में देश के प्रतिष्ठित विद्वान अपने विचार साझा करेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. श्याम सुंदर दुबे, पूर्व निदेशक, मुक्तिबोध सृजनपीठ सागर, डॉ. श्रीराम परिहार, वरिष्ठ ललित निबंधकार खण्डवा, डॉ. धर्मेन्द्र पारे, निदेशक जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी भोपाल, डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू भारतविद् एवं इतिहासकार, डॉ. सुमन चैरे, लोक संस्कृतिविद तेलंगाना, डॉ. पुनीत बिसारिया, प्राध्यापक, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी शामिल हैं। संगोष्ठी में आधुनिक साहित्य के विभिन्न आयामों जैसे कथा, काव्य, नाट्य, निबंध और आंचलिक बोलियों में श्लोक के तत्वों पर शोध पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

### पशु पालन विभाग की समीक्षा बैठक 23 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर की अध्यक्षता में पशु क्रूरता निवारण समिति, जिला पशु कल्याण समिति व विभागीय समीक्षा बैठक सोमवार 23 फरवरी को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग नरसिंहपुर ने दी है।

## नशे से ग्रसित व्यक्ति अपना विवेक खो देता है-कलेक्टर

# संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित हुआ शिविर







### नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### कलापथक दल ने नाट्य मंचन के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

**जिले की नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चिनकी में संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविर तथा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी मे आयोजित किया गया। शिविर में लगभग 62 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से लगभग 58 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।**

कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर आईडी, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन व वृद्धावस्था पेंशन, समग्र ई-केवायसी, गर्भवती महिलाओं की ई-केवायसी एवं समग्र आईडी से संबंधित प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए तथा कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

इस अवसर पर नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत केपी यादव एवं उनके साथियों तथा श्रीजी नाट्य अकादमी द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति दी गई। कलापथक दल ने गीत-संगीत एवं नाट्य मंचन के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया और समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

### नशा आने वाली पीढ़ी को प्रभावित करता है

कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नशा आने वाली पीढ़ी को प्रभावित करता है। नशे के कारण व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर पाता और उसका सीधा दुष्प्रभाव परिवार, विशेषकर बच्चों एवं महिलाओं पर पड़ता है। नशे की प्रवृत्ति से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है तथा परिवार का वातावरण भी दूषित होता है। उन्होंने कहा कि नशे से ग्रसित व्यक्ति अपना विवेक खो देता है और परिवार की जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन नहीं कर पाता। यदि घर का कोई सदस्य नशा करता है, तो उसका विपरीत प्रभाव छोटे बच्चों पर पड़ता है और वे भी उसी दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। बच्चों के सामने जैसा आचरण प्रस्तुत किया जाएगा, वे वैसा ही सीखेंगे। यदि कोई व्यक्ति अवैध नशे का व्यापार करता है, तो इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें। जिले में अवैध नशे के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविर

कलेक्टर ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले की प्रत्येक पंचायत में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

### महिलाएं गांव को नशामुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है

पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की इच्छाशक्ति अत्यंत मजबूत होती है। यदि वे संकल्प लें तो अपने परिवार के किसी भी सदस्य को शराब के सेवन से रोक सकती हैं तथा अपने गांव को नशामुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति शराब का सेवन करता है, उसके बच्चों पर उसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बच्चे अपने पिता के व्यवहार से सीख लेते हैं, इसलिए प्रत्येक अभिभावक को यह विचार करना चाहिए कि वे अपने बच्चों के समक्ष कैसा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। शराब पीकर घर आने से परिवार का वातावरण प्रभावित होता है और बच्चों के मन पर विपरीत असर पड़ता है। उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की।

## जिला परिवहन विभाग द्वारा फ्लाईऐश के परिवहन में लगे वाहनों की हुई जांच

### वाहनों में कमी पाये जाने पर जुर्माने की हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



जिला परिवहन अधिकारी व उनकी टीम द्वारा एनटीपीसी में संचालित प्लाईऐश परिवहन में लगने वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान 2 वाहनों में कमी पाए जाने पर मौके पर ही जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया ने बताया कि गुरूवार को चीचली- गाडरवारा रोड एवं गाडरवारा- तेंदूखेड़ा रोड पर एनटीपीसी में संचालित फ्लाईऐश के परिवहन में लगे लगभग 25 वाहनों की जाचं की गई। इन वाहनों में मुख्य रूप से असुरक्षित परिवहन, ओवरस्पीडिंग, परमिट शर्तों के उल्लंघन एवं मोटर वाहन अधिनियम की अन्य धाराओं में जांच की गई। जांच के दौरान 25 वाहनों में से 2 वाहनों में कमी पाए जाने पर मौके पर ही 19 हजार 500 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## नगर पालिका अधिकारियों एवं ठेकेदारों की संयुक्त बैठक सम्पन्न

# प्रगति नहीं होने पर नोटिस एवं जुर्माना लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं नगरीय निकायों में संचालित निर्माण कार्यों के ठेकेदारों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में अमृत 2.0, कायाकल्प अभियान तथा मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिन कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई, संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 15 दिवस के भीतर कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर संबंधितों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, अतः किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। साथ ही अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर कार्यों की सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

# सुआतला पुलिस को मिली सफलता 108 लीटर देशी एवं प्लेन शराब जब्त




तेंदूखेड़ा

जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीणा के निर्देशन में संपूर्ण जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।जिसे लेकर जिले के संपूर्ण थानों में आये बड़ी सफलतायें अर्जित हो रही है।इसी सिलसिले में एस डी ओ पी अभिनव मिश्रा के मार्गदर्शन में तेंदूखेड़ा अनुभाग में भी धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते सुआतला पुलिस को भी सफलता प्राप्त हुई है। तेंदूखेड़ा में एक प्रेस वार्ता के तहत एस डी ओ पी अभिनव मिश्रा ने बताया कि बुधवार को एक सफेद कलर की पिकअप एम पी 20जेड एल 6893 जो जबलपुर तरफ से राजमार्ग तरफ आ रही थी जिसे मुखबिर की सूचना पर डोंगरगांव के समीप वन विभाग की चौकी के आगे पिकअप की जांच करने पर 07 पेटी देशी प्लेन शराब 05 पेटी देशी मसाला बरामद किए गए। प्रत्येक पेटी में 50 50 पाव कुल 600 पाव 108 लीटर देशी शराब कीमत लगभग 65000 हजार बताई गई है।बाहन चालक तत्काल मौके से फरार हो गया जबकि पीछे तरफ बैठे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूंछताछ में फरार आरोपी में अरुण पिता गुलाब लोधी पिपरिया बेलखेड़ा जिला जबलपुर बताया गया है।इस सफलता में निरीक्षक प्रियंका केवट उप निरीक्षक आशीष वोपचे तथा प्र आ कीरत विश्वकर्मा आर सोहन पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

### 11 वर्षीय बालक 24 घंटे के अंदर दस्तयाब

सुआतला थाने के अंतर्गत बरमान पुलिस चौकी के अंतर्गत एक मजदूर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मजदूरी करने गया हुआ था जब वह शाम को मजदूरी से वापस लौटा तो उसका 11 वर्षीय बालक नाती नदारत मिला मुहल्ला पड़ोस में जब पता करने के बाद जब बालक नहीं मिला तो बरमान पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एस डी ओ पी के मार्गदर्शन में सुआतला निरीक्षक द्वारा एक टीम गठित कर सी सी टी वी फुटेज के आधार पर एक टीम भोपाल तरफ भेजी गई और 11 वर्षीय बालक को 24 घंटे के भीतर दस्तयाब कर लिया गया।इस सफलता में निरीक्षक प्रियंका केवट उप निरीक्षक आशीष वोपचे प्र आ रामशरण उपाध्याय आर हसन रजा की सराहनीय भूमिका रही।



# जिला स्तरीय ओलंपियाड में आध्या शर्मा अव्वल

गोटेगांव।

तहसील के ग्राम खमरिया झांसीघाट की कक्षा पांचवीं की छात्रा आध्या शर्मा ने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता (सत्र 2025-26) में अंग्रेजी विषय में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिला मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कठिन प्रतिस्पर्धा में हासिल किया शीर्ष स्थानजिलेभर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच हुई इस प्रतियोगिता में आध्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में शीर्ष स्थान सुरक्षित किया। उनकी सफलता पर विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं ग्रामीणों में हर्ष का वातावरण है।ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए बनीं प्रेरणाअधिकारियों ने आध्या की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं निरंतर आगे बढ़ रही हैं। शिक्षकों के अनुसार आध्या प्रारंभ से ही मेधावी रही हैं और अंग्रेजी विषय में विशेष रुचि रखती हैं।

# नर्मदा परिक्रमा के दौरान दादा गुरु का भव्य स्वागत

गोटेगांव।



पावन नर्मदा परिक्रमा के संकल्प के साथ निकले दादा गुरु का नगर एवं आसपास के ग्रामों में भव्य स्वागत किया गया।प्रातः कुकलाह और बगलाई ग्राम में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। हजारों भक्तों ने पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।दोपहर बाद नगर प्रवेश पर जगह-जगह तोरण द्वार सजाए गए। गुरुदेव ने रात्रि विश्राम स्थानीय परस गार्डन में किया। आगमन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

# संभाग स्तरीय खिलाड़ियों का सम्मान, किट व जूते भेंट

गोटेगांव।



नगर के प्रतिष्ठित श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हैंडबॉल खेल के संभागीय खिलाड़ियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।बाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष पंकज जैन एवं सचिव बी.डी. सोनी ने खिलाड़ियों को खेल किट एवं जूते भेंट कर सम्मानित किया।उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएंअध्यक्ष पंकज जैन ने खिलाड़ियों को खेल के साथ पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।विद्यालय परिवार रहा उपस्थितकार्यक्रम में प्राचार्य शिवशंकर पाठक, उप प्राचार्य संदीप जैन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। वक्ताओं ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और टीम भावना विकसित करते हैं।